Seventeenth Loksabha

an>

Title : Solitary confinement of 8 retired navy officers in Doha (Qatar)

श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं आपका ध्यान एक बहुत ही संवेदनशील और दुर्भाग्यपूर्ण मामले की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। गत 30 अगस्त, 2022 से हमारे नौसेना के जो 8 सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, उनको दोहा (कतर) में सॉलिट्री कन्फाइन्मेंट में रखा गया है। उनके खिलाफ क्या आरोप हैं, वे न उनको बताए गए हैं और न ही उनके परिवारों को बताए गए हैं। उनको 90 दिनों तक सॉलिट्री कन्फाइन्मेंट में रखने के बाद जब 1 दिसंबर, 2022 को एक अदालत के सामने पेश किया गया, तो उनकी सॉलिट्री कन्फाइन्मेंट की अवधि फिर 30 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं। अभी यहां पर विदेश मंत्री जी अपने बिल को सभा के पटल पर रखने के लिए आएंगे, क्योंकि यह बहुत ही गंभीर मामला है। हमने 4 दिसंबर, 2022 को नेवी डे मनाया है। ऐसी परिस्थिति में एक पड़ोसी देश में हमारी नौसेना के 8 सेवानिवृत्त अधिकारी अगर 120 दिनों से ज्यादा सॉलिट्री कन्फाइन्मेंट में हों, न ही उनको बताया गया और न ही उनके परिवारों को बताया गया और शायद भारतीय दूतावास को भी नहीं बताया गया कि उनके खिलाफ क्या आरोप है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि कतर की सरकार के समक्ष इस मामले को तुरंत उठाया जाए। ये जो 8 सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, इनको रिहा कराकर हिन्दुस्तान वापस लाया जाए।